Country & Politics
कन्ट्री एण्ड पॉलिटिक्स

National Bilingual Weekly Newspaper countaryandpolitics.in

Year :16 Issue No. 21 New Delhi 16-22 Nov. 2026 Rs. 5/- Pages : 08

Delhi's Waste Landmark Gets a Remarkable Second Life, Patel Chest Turns Waste into Wonder

Vipin Gaur

Delhi : Breathing new life into a forgotten space through circularity and community engagement, Patel Chest in Delhi – a dhalao ghar until recently has been re-imagined as an RRR Centre, under Swachh Bharat Mission-Urban 2.0. For years, a corner near Delhi University's Patel Chest was known for only one thing, waste. The old Dhalao Ghar served as a collection point for garbage, a place people passed by without a second glance. But under Swachh Bharat Mission-Urban 2.0, that forgotten space was destined for a remarkable second life. In a unique transformation led by DMSWSL in association with MCD Civil Lines Zone, the abandoned waste collection site was reimagined as an RRR (Reduce, Reuse, Recycle) Centre and Selfie Point. What was once a symbol of disposal, became a celebration of



sustainability. The makeover itself told a powerful story. Around 45 discarded tyres and more than 3,000 used bricks were creatively repurposed to build an attractive public space. Materials once considered waste were transformed into colourful installations, proving that with creativity and purpose, yesterday's discards can become tomorrow's landmarks. Today, students walking through Delhi University stop not to avoid the site, but to admire it. The vibrant Selfie Point attracts visitors, sparking conversations about sustainability and encouraging people to rethink the value of items they often throw away. Beside it stands the RRR Centre, where citizens donate unused clothes, books, toys, and e-waste. Instead of ending up in landfills, these items are channelled towards reuse, refurbishment, and responsible recycling, extending their life and benefiting the community.

The transformation is more than a facelift. It is a living lesson in the circular economy, where waste is not an end point but the beginning of something new.

Today, the former Dhalao Ghar stands as a reminder that change is possible. A place once associated with waste now inspires action, awareness, and participation. Because in the spirit of Swachh Bharat Mission-Urban 2.0, even a waste collection point can become a destination, a conversation starter, and a symbol of how cities can turn waste into worth. Every discarded item has a story left to tell. At Patel Chest, Delhi, those stories have found a new stage.

IEPFA and SEBI to Organize 'Niveshak Shivir' in New Delhi to Empower Investors and Simplify sGrievance Redressal and Unclaimed Dividend Claims

Delhi : The Investor Education and Protection Fund Authority (IEPFA), under the Ministry of Corporate Affairs, Government of India, in collaboration with the Securities and Exchange Board of India (SEBI) and Market Infrastructure Institutions (MIIs) is organising a full day 'Niveshak Shivir' in New Delhi on 17 November 2026, at Jacaranda Hall, India Habitat Centre. The initiative is designed to help investors and shareholders resolve issues related to unclaimed dividends, shares transferred to the Investor Education and Protection Fund (IEPF), and other claimant-related grievances. Shri Harsh Malhotra, Hon'ble Minister of State, Ministry of Road Transport and Highways and Ministry of Corporate Affairs and Dr. Pallavi Jain Govil, Secretary, Ministry of Corporate Affairs, have been invited to grace the occasion.

1: Direct facilitation for the recovery of unclaimed dividends and shares held for six to seven years with companies.

2: On-the-spot KYC updation and nomination-related services. 3: Immediate assistance and resolution of pending IEPFA claim-related issues.



The Union Minister of Culture and Tourism, Shri Gajendra Singh Shekhawat lighting the lamp at the "Creative India: Collective Possibilities - A Conclave on India's Creative Economy" organised by the Ministry of Culture held at Bharat Mandapam, in New Delhi

INSIDE STORY

आर्थिक विकास में राज्यों को बढ़ानी होगी अपनी.... 2

4 मोदी के खिलाफ बोले इटली के नेता....

Proposal to establish new KSISF battalion in Kalaburagi.... 6

7 Sacred Relics of Shakyamuni Buddha Arrive at Golden Pagoda, Namsai, Marking the ....

फेसबुक पर 'कंट्री एंड पालिटिक्स' की खबरें पढ़ने के लिए लाईक करे हमारा पेज **country&politics** व वेबसाईट पर जाए **countryandpolitics.in**

Focus on Strengthening Centre-State Collaboration Towards Viksit Bharat@2047

The Ministry of Social Justice and Empowerment will organise the Departmental Summit 'Samaveshi Niti Sankalp' on November 18–19 (Wednesday & Thursday) at Sushma Swaraj Bhawan in the National Capital, as a significant step towards realising the vision of Viksit Bharat@2047. The Summit is the third in the series of Departmental Summits envisioned by the Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, to foster collective ownership of national priorities and accelerate development outcomes through closer collaboration between the Centre and the States. Hon'ble Prime Minister, Shri Narendra Modi, is scheduled to grace the Valedictory Session. The two-day Summit aims to provide an institutional platform for meaningful dialogue, shared responsibility and coordinated action between the Union and State Governments on key policy priorities, programmes, initiatives and strategies for strengthening social justice and inclusive development. Secretary, Ministry of Social Justice, Shri Sudhansh Pant said in preparation for the Summit, the Ministry has undertaken systematic consultations with field-level functionaries and stakeholders to ensure that ground-level experiences and implementation-related insights form policy deliberations. He said a series of video conferences were held with State and Union Territory officials, while feedback was invited on four thematic areas from stakeholders within and outside the Government. The consultation exercise received an overwhelming response, with more than 13,500 responses from over 450 districts, whileas these valuable inputs have been incorporated into the background notes prepared for the Summit, the Secretary said. Shri Pant said the Departmental Summit model brings together political leadership and senior officials from the Union and State Governments to deliberate on important issues relating to the Ministry's mandate. It provides an opportunity to share successful practices, address implementation challenges, explore innovative approaches and develop time-bound action plans to ensure effective implementation of government initiatives and delivery of their benefits to intended beneficiaries, he said. The Secretary said the Summit will focus on four key thematic areas, namely, 'Reimagining Prevention and Drug Demand Reduction Strategy for a Nasha Mukt Bharat', 'One Nation, One Scholarship Portal – Accessible Scholarships, Empowered Students', 'Early Intervention and Reduction of Disability Burden' and 'Sugamya Bharat for Viksit Bharat'.

सम्पादकीय

जनजातियों के संघर्ष की याद



विपिन गौड़

भारतीय समाज की स्मृति बहुत अल्प है। अपने नायकों और उनके कामों को भूल जाना यहां बहुत आसान है। ऐसे ही नायक हैं–भगवान बिरसा मुंडा। जिन्हें हमने लगभग भुला सा दिया था। कुछ अरसे पहले झारखंड के इस अप्रतिम नायक की राष्ट्रीय स्तर पर शायद ही कोई स्मृति बनती हो। किंतु नए समय में जब भारत अपने सांस्कृतिक नायकों को खोजकर उनके बारे में पढ़ रहा है, तब उसमें बिरसा की याद बहुत स्वाभाविक और मार्मिक हो उठती है। इसी बीच भारत सरकार ने वर्ष 2021 में यह निर्णय लिया कि प्रत्येक वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। जाहिर है इसका उद्देश्य हमारे जनजातीय नायकों और जनजातीय समाज की समृद्ध कला, संस्कृति, बोलियों और परंपराओं को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करना तथा उनके त्याग–बलिदान को समाज के सामने लाना रहा।भगवान बिरसा मुंडा झारखंड के खूंटी जिले के एक गांव में जन्में। उनका बचपन प्रकृति की गोद में बीता। माटी से प्यार और प्रकृति का संरक्षण का पाठ उन्होंने अपनी संस्कृति से सीखा और जीवन में भी उतारा। अंग्रेजी राज में जनजातीय समाज की दुर्दशा, उनके दमन और स्थानीय साहूकारों द्वारा अपने समाज का शोषण देखकर उनकी आत्मा कांप उठी। अंग्रेजी राज की दमनकारी नीतियां उनके निशाने पर थीं। जनजातीय समाज की स्वायत्तता बची और बनी रहे इसी भाव से उनके मन में क्रांतिकारी विचार आए। इससे ही उलगुलान (महाविद्रोह) की भावभूमि बनी। 1899–1900 के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के नेतृत्व में अंग्रेजी सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में महान सशस्त्र विद्रोह हुआ, इसे ही इतिहास में उलगुलान के नाम से जाना गया। यह सिर्फ राजनीतिक विद्रोह नहीं था वरन जल,जंगल, जमीन पर जनजातियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा के लिए शंखनाद भी था। इस आंदोलन ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, एकता और सांस्कृतिक स्वायत्तता का भी आधार तैयार किया। अपने इन्हीं सार्थक प्रयासों के नाते भगवान बिरसा को धरती आबा (यानी धरती पिता) कहा गया। लोकमन में उनकी स्मृति इतनी सघन है कि वे तमाम युवाओं के आदर्श बन गए। संघर्ष के प्रतीक और अप्रतिम नायक तो बने ही। उलगुलान, निस्संदेह, एक विद्रोह से कहीं बढ़कर था। यह लड़ाई न्याय और सांस्कृतिक पहचान दोनों के लिए थी। भगवान बिरसा मुंडा की सूझबूझ ने एक ओर जनजातीय लोगों द्वारा बिना किसी हस्तक्षेप के अपनी जमीन पर स्वामित्व और खेती करने के अधिकार को, तो दूसरी तरफ जनजातीय रीति–रिवाजों और सामाजिक मूल्यों के महत्व को एक साथ जोड़ दिया। महात्मा गांधी की तरह, उनका संघर्ष भी न्याय और सत्य की खोज से प्रेरित था।जनजातीय समाज की मूल चेतना प्रकृतिजीवी है। प्रकृति का संरक्षण और प्रकृति से संवाद इस समाज की पहचान है। भारतीय चित्त के प्रकृति प्रेम को जनजातीय समाज ने अपने जीवन में उतारा है। अपने समाज के उत्थान, विकास, अधिकारों की रक्षा, उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए सिर्फ मुंडा समाज में ही नहीं बल्कि समूचे जनजातीय समाज में वे आदर प्राप्त कर सके। इस तरह वे जननायक ही नहीं बल्कि जीवन को बदलने वाले अवतार की तरह सामने आए। वे क्रांतिकारी हैं, समाज सुधारक हैं, प्रकृतिप्रेमी हैं,विद्रोही हैं। हर अवतार में पूर्ण। भगवान बिरसा की सोच साफ थी कि प्रकृति और वन संपदा पर जनजातीय समाज का पहला और अंतिम अधिकार है। अंग्रेजों द्वारा लाए गए वन कानूनों के माध्यम से जनजातियों को उनके ही मूल स्थान से बेदखल करने का उन्होंने ताजिंदगी विरोध किया। भगवान बिरसा के नेतृत्व में चले आंदोलनों का ही परिणाम था कि अंग्रेजी सरकार झुकी। इसके बाद उनकी शहादत रंग लाई और सरकार को छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट,1908) लाना पड़ा। जिससे जनजातियों के अधिकार संरक्षित हुए। जनजातियों की जमीन का अवैध हस्तांतरण को रोकने के लिए यह कानून प्रभावी साबित हुए। यह कानून जनजातियों का सुरक्षा कवच बना। भगवान बिरसा एक चिकित्सक भी थे। उनके इस गुण पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा है– "बीमारों की सेवा करना उनके लिए मिशन था। उन्हें एक उपचारकर्ता का प्रशिक्षण मिला था, और अद्भुत घटनाओं की एक श्रृंखला ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया कि ईश्वर ने उन्हें एक महान उपचारक का विशेष स्पर्श दिया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे किसी भी बीमार व्यक्ति को उनके पास लाएं, और कहा, ष्यदि यह संभव नहीं है तो मैं खुद बीमारों से मिलने आऊंगा।ष वे गांव–गांव बीमारों से मिलने जाते थे, और अपने कौशल और अपने उपचार करने वाले स्पर्श से असंख्य लोगों को स्वस्थ कर देते थे।" भगवान बिरसा मुंडा के अलावा अन्य जनजातीय नायकों को भी हम इस दिन याद करते हुए उनकी पावन स्मृति से संबल प्राप्त करते हैं। इनमें तिलका मांझी, सिद्धू और कान्हू मूर्मू, वीर बद्धु भगत, टंट्या भील मामा, अल्लूरी सीताराम राजू, रानी गाडगिन्यू और वीरनारायण सिंह जैसे महान सेनानी शामिल हैं। इन सबने अपने देश और धर्म की रक्षा करते हुए अंग्रेजी शासन की नींव हिला दी।

आर्थिक विकास में राज्यों को बढ़ानी होगी अपनी हिस्सेदारी

भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश के समस्त राज्यों को देश के आर्थिक विकास में अपनी भागीदारी बढ़ानी होगी। विशेष रूप से उन राज्यों को, जिनकी आर्थिक विकास दर देश की औसत आर्थिक विकास दर से नीचे है। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए औसतन 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की आर्थिक विकास दर हासिल करना आवश्यक है। वर्तमान में जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान सबसे बड़े राज्यों की श्रेणी में गिने जाते हैं। परंतु, 1980 के दशक में इन राज्यों को "बीमारु" राज्य की संज्ञा दी गई थी, क्योंकि इन राज्यों की जनसंख्या सबसे अधिक थी, भारत के 10 में से 4 नागरिक इन राज्यों में निवास करते थे। साथ ही, इन राज्यों की आर्थिक विकास दर तुलनात्मक रूप से बहुत कम थी जिससे इन राज्यों की प्रति व्यक्ति आय भी बहुत कम थी। ईंधन और बिजली की कीमतों में भारी उछाल से अक्टूबर में थोक महंगाई दर बढ़कर 12.29ः के स्तर पर पहुंची वर्ष 2000–01 में उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश एवं रा. जस्थान का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कुल योगदान 22 प्रतिशत था जो वर्ष 2034–24 में घटकर 21 प्रतिशत हो गया। पिछले, लगभग 25 वर्षों के दौरान देश के इन चारों बड़े राज्यों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग उसी स्तर पर बना रहा है, जो एक चिन्तनीय विषय होना चाहिए। यदि देश के सबसे बड़े राज्यों का देश के आर्थिक विकास में योगदान नहीं बढ़ेगा तो भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में किस प्रकार शामिल हो सकता है। अतः उक्त बड़े चारों राज्यों को अपने आर्थिक विकास को गति देना अब एक आवश्यक आवश्यकता बन गया है। वर्ष 2024–25 के प्रति व्यक्ति आय (ळैक्च) के आंकड़ों पर यदि नजर डालें तो ध्यान में आता है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय का स्तर 234,859 रुपए प्रतिवर्ष था। जबकि बिहार में प्रति व्यक्ति आय 76,000 रुपए प्रतिवर्ष थी, उत्तर प्रदेश में यह 126,304 रुपए थी, मध्य प्रदेश में 170,320 रुपए थी एवं राजस्थान में 206,440 रुपए थी। भारत में प्रति व्यक्ति आय बिहार में प्रति व्यक्ति आय की तुलना में तीन गुणा अधिक है। जबकि उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में भी भारत में प्रति व्यक्ति आय लगभग दोगुनी है। मध्य प्रदेश एवं रा. जस्थान में प्रति व्यक्ति आय की तुलना में भी भारत में प्रति व्यक्ति आय बहुत अधिक है। पूरे भारत में बेरोजगारी की दर 5.1 प्रतिशत है जबकि, राजस्थान में 7.7 प्रतिशत एवं बिहार में 7.3 प्रतिशत है। विशेष रूप से बिहार एवं उत्तर प्रदेश से रोजगार पाने के उद्देश्य से नागरिकों का देश के अन्य प्रदेशों में पलायन 37 प्रतिशत है। अर्थात, पूरे देश में एक राज्य से दूसरे राज्यों में होने वाले नागरिकों के पलायन का 37 प्रतिशत हिस्सा केवल बिहार एवं उत्तर प्रदेश का होता है। क्योंकि, इन राज्यों में रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो रहे हैं एवं इन प्रदेशों के नागरिक मजबूरी में अन्य राज्यों को पलायन करते हैं ताकि उन्हें अन्य राज्यों में रोजगार प्राप्त हो सके। उक्त कारणों के चलते ही, उक्त चारो राज्यों को "बीमारु" राज्यों की संज्ञा दी गई थी। परंतु, हाल ही के समय में इन राज्यों में, विशेष रूप से, आर्थिक क्षेत्र में, परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। उक्त चारों राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान, भारत में कृषि के औसत योगदान की तुलना में, बहुत अधिक है। अर्थात इन राज्यों में उद्योगों का विकास नहीं हो पाया है। मध्यप्रदेश के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान 47 प्रतिशत है, जबकि उद्योग क्षेत्र का योगदान 20 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र का योगदान 33 प्रतिशत है। प्रदेश की अधिकतम आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास करती है एवं अपने रोजगार के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। अधिक आबादी के कृषि क्षेत्र पर निर्भर होने के चलते प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय भी कम हो जाती है। उद्योग एवं सेवा क्षेत्र के विकसित नहीं होने के चलते इन क्षेत्रों में रोजगार के कम अवसर निर्मित होते हैं एवं मजबूरी में प्रदेश की अधिकतम जनसंख्या को कृषि क्षेत्र पर निर्भर होना पड़ता है अथवा रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों को पलायन करना होता है। इसी प्रकार, राजस्थान में भी कुल सकल घरेलू उत्पाद का 31 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र से आता है, 26 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र से एवं 43 प्रतिशत सेवा क्षेत्र से आता है। उत्तर प्रदेश के कुल सकल घरेलू उत्पाद में 28 प्रतिशत कृषि क्षेत्र, 28 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र एवं 44 प्रतिशत सेवा क्षेत्र से आता है। बिहार में भी कुल सकल घरेलू उत्पाद का 25 प्रतिशत कृषि क्षेत्र से, 18 प्रतिशत उद्योग क्षेत्र से एवं 57 प्रतिशत सेवा क्षेत्र से आता है। जबकि, भारत के कुल सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान लगभग 16 से 18 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र का योगदान लगभग 18 से 20 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र का योगदान लगभग 62 से 64 प्रतिशत है। हाल ही के समय में, उक्त चारों राज्यों में औद्योगिक विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जैसे उत्तर प्रदेश ने मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया है। मध्य प्रदेश, ऑटोमोबा. ईल उत्पादन के क्षेत्र में एक हब के रूप में विकसित हो चुका है। इंदौर के आसपास विकसित किए गए ऑटोमोबा. ईल हब में 10 से अधिक चार पहिया उत्पादन करने वाली इकाईयां स्थापित हो गई हैं एवं 200 से अधिक ऑटो कम्पोनेंट का उत्पादन करने वाली इकाईयां स्थापित हो गई हैं। बिहार शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल माना जाता है एवं मखाना उत्पादन के क्षेत्र में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिहार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या को बहुत बड़ी मात्रा में तेजी से कम करने में सफलता प्राप्त कर ली है। राजस्थान भी 10 वर्ष पूर्व ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या को कम करने में सफल रहा है। सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज उत्तर प्रदेश, देश में तीसरे स्थान पर आ गया है। राजस्थान 6ठे स्थान पर, मध्य प्रदेश 10वें स्थान पर एवं बिहार 14वें स्थान पर आ गए हैं। हाल ही के समय में उक्त चारों राज्यों में आर्थिक विकास ने कुछ गति जरूर पकड़ी है परंतु यह पर्याप्त नहीं है क्योंकि इन चारों राज्यों की तुलना में गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, दिल्ली आदि राज्य तुलनात्मक रूप से बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से औद्योगिक विकास के क्षेत्र में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं बिहार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्योग जगत के लिए मित्रवत नीतियों को बनाकर औद्योगिक इकाईयों की स्थापना को इन राज्यों को बढ़ावा देना होगा, ताकि इन राज्यों में कृषि के क्षेत्र पर दबाव कम हो एवं उद्योग एवं सेवा क्षेत्रों का योगदान न केवल सकल घरेलू उत्पाद में बल्कि रोजगार के नए अवसर निर्मित करने में भी बढ़े। आज, उक्त चारों राज्य "बीमारु" राज्य की श्रेणी से तो बाहर निकल आए हैं, परंतु भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु अपने योगदान को बढ़ाने के लिए इन राज्यों को विशेष प्रयास करने होंगे। इन राज्यों के नागरिकों को आगे आने वाले कुछ वर्षों तक केवल अपने प्रदेश के आर्थिक विकास पर ही ध्यान देने की आवश्यकता है। इन राज्यों में विभिन्न समाजों को विशेष प्रयास करते हुए, प्रदेश में किसी भी प्रकार का आंदोलन नहीं होने देना चाहिए। दरअसल, भारत आज विकास के उस चक्र में पहुंच गया है, जहां किसी भी प्रकार का आंदोलन देश के आर्थिक विकास की गति को विपरीत रूप से प्रभावित कर सकता है। अतः समाज की सज्जन शक्ति को इस ओर विशेष ध्यान देकर समस्त समाज के नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत करते हुए प्रदेश में शांति स्थापित करने के प्रयास तेज करने की आवश्यकता है। प्रदेश की सरकारें तो आर्थिक नीतियों को लागू करने के प्रयास कर ही रही हैं परंतु, समाज को भी संगठित होकर अपने नागरिक कर्तव्यों का अनुपालन सुनिश्चित करने की महती आवश्यकता है। प्रदेश का आर्थिक विकास की गति को बढ़ाना, अर्थात मां भारती को पुनः विश्व गुरु के रूप में आरूढ़ करने की ओर एक कदम बढ़ाने का प्रयास माना जाना चाहिए। आज उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात द्वारा अपने प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर ले जाने के भरपूर प्रयास किया जा रहे हैं। इसी प्रकार के प्रयास, मध्यप्रदेश, रा. जस्थान एवं बिहार राज्यों द्वारा भी किए जाने चाहिए, ताकि शीघ्र ही भारत की अर्थव्यवस्था के आकार को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर लाया जा सके एवं भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया जा सके।

फेसबुक पर 'कंट्री एंड पालिटिक्स' की खबरें पढ़ने के लिए लाइक करें हमारा पेज
country & politics

BJP Govt. paying respect to Tribal leader Birsa Munda on his 150 Birth Anniversary



PRANAB KUMAR DAS
BUREAU CHIEF
KOLKATA

BELPAHARI-JHARGRAM (WEST BENGAL): More than five months' Bharatiya Janata Party ruled Government observed with pleasure Birth Day celebration of 'Birsa Munda'. The day is on 15 November, Sunday afternoon at Belpahari of Jungle Mahal areas under Jhargram District of the State 200 k. m. away from Kolkata City. State Chief Minister Suvendu Adhikary and other tribal community leaders were present on this occasion. Attending personalities delivered spontaneously their speeches regarding dynamic contributions to country during British period on Birsa. A colourful and attractive function was organized at the initiative of State Government. According to Government official sources, DICO of Jhargram (District Information and Cultural Affairs) Ms. Angira Dutta was not allegedly present where a most important V.I.P. Chief Minister was there. Entire function passed off in a very pleasurable mood and peaceful circumstances. Chief Minister Suvendu assured Jhargram people. Pure drinking water would be supplied each home at the initiative of State Government. Suvendu admitted that different tribal communities in Jungle Mahal areas are spending days with broken houses. Suvendu, moreover, gave his word. This long standing problem would be solved by this Government. Chief Minister announced one hundred thirty seven schemes for better welfare of tribal people. Another five schemes also would be implemented over five schemes. A large number of tribal people from various Districts of the State gathered at the function. It is learnt that National Democratic Alliance led BJP Prime Minister Narendra Modi has officially described freedom fighter Birsa Munda during British regime as "Jana Jatiya Gourabmoy Day" that means Pride of Tribal Community. It happened by the Union Ministry on 15 November, 2021, on then Birsa's Birthday. At the



same time, BJP ruled Chief Minister Suvendu severely criticized previous Trinamool Congress Mamata Banerjee's alleged failure sides of its fifteen years Government. Suvendu blamed that TMC Government intentionally avoided Tribal community's daily problems for their personal vested interest. Suvendu strongly informed with grievance. Fake ST (Scheduled Tribe) certificate holders will be booked under judicial custody. BJP Government has been elected on 4 May and formed Government on 9 MaY. Newly elected with massive mandate, BJP has been trying to go forward with all community people. Suvendu participated to all community organized festivals with satisfaction. Non-political People are bringing serious allegations against newly elected Government due to failure of control anti-social activities. This picture is found allegedly in all over West Bengal State including Kolkata City. According to police sources, those unhealthy People are being identified mostly as previous Communist Party of India (Marxist) and Trinamool Congress protected harmful activists. Intellectual personalities of our society reminded that now common People including women are spending days with happiness and with safe. They are happy. They appealed BJP ruled Ministry to take drastic step immediately against them for building up a good society. They also gave advice that BJP should not be allowed for using those horrible persons as political leaders and workers in our society.

Abdul El-Sayed: When a Name Became a Political Battlefield



Vaidehi Taman

Abdul El-Sayed's political journey exposes an uncomfortable paradox at the heart of American democracy. A nation that has spent generations presenting itself as the guardian of individual liberty still finds it difficult to separate a citizen's religious identity from his presumed political loyalties. El-Sayed, an American-born physician of Egyptian heritage, entered public life with an education, a professional record and a political philosophy open to examination. Yet his name became a controversy before his arguments could receive a fair hearing. His emergence as a major political figure is therefore not merely a story of minority representation. It is an indictment of a political culture in which ancestry can still be treated as evidence, faith as suspicion and patriotism as an obligation unequally distributed among citizens. What makes El-Sayed particularly interesting is that his political identity did not originate in religious mobilization. He came from medicine and public health, disciplines that confront the consequences of inequality in ways political rhetoric rarely acknowledges. As Detroit's health director, he encountered a city whose struggles reflected the complicated inheritance of American industrialization: racial segregation, economic decline, environmental injustice and unequal access to essential services. Public health offered him an understanding of government beyond electoral calculations. Disease does not recognize political affiliation, contaminated water does not distinguish between Republicans and Democrats, and poverty does not disappear because a president announces another program of national greatness. These realities shaped a political outlook concerned with the relationship between public institutions and the everyday dignity of citizens.Get Local Permits The political attacks directed at him revealed how effectively Islamophobia can be repackaged as a question of



national security. Donald Trump's description of El-Sayed as a jihadist was not an ordinary criticism of an opponent's legislative priorities. It was an attempt to attach the imagery of violent extremism to a Muslim candidate without establishing the factual basis such a grave accusation demands. The technique is familiar: introduce an inflammatory association, allow suspicion to circulate, and leave the accused person to spend valuable political energy disproving something that should never have been presumed. The accusation itself becomes the campaign instrument. Evidence becomes secondary. This method has a long and discreditable history in American public life. Religious minorities, immigrants and racial communities have repeatedly encountered demands for exceptional demonstrations of loyalty. Catholics were once suspected of placing allegiance to Rome above their obligations to the United States. Jewish Americans faced exclusion and conspiracy theories about divided loyalties. Black Americans endured generations of institutional discrimination despite constitutional guarantees of citizenship. The language changed with each period, but the underlying assumption remained remarkably consistent: those outside the dominant political or cultural identity could participate in national life only after satisfying conditions that others were never required to meet.

Buy Maps El-Sayed's experience belongs to this historical pattern, although his circumstances are distinct. The suspicion surrounding his candidacy was not primarily about what he had done. It was about what his name and faith supposedly represented. That distinction is crucial. When a politician is criticized for a decision, he can defend its reasoning. When he is attacked for his ancestry, the accusation becomes almost impossible to answer because the objection is directed at something he neither chose nor has any obligation to renounce. Such politics does not merely injure an individual candidate. It corrupts public judgement by replacing evidence with inherited prejudice. Michigan provided a particularly revealing setting for this confrontation. The state's political history is inseparable from immigration, manufacturing, organized labor and the difficult economic transformation of America's industrial heartland. Detroit's factories once attracted workers from across the country and beyond, while successive generations contributed to the social and economic character of the region. Michigan also contains some of America's most established Arab and Muslim communities. Their presence is neither recent nor incidental.

They are part of the state's commercial, professional and civic institutions, even as national political debates frequently portray people with similar backgrounds as outsiders.Follow Politics That contradiction makes El-Sayed's political rise more significant than the novelty of a Muslim candidate seeking high office. His life reflects the very process through which American society has developed: immigrant families establishing roots, children entering universities, professionals serving public institutions and subsequent generations seeking political representation. Yet the same society that benefits from these contributions can become remarkably uncomfortable when their descendants aspire to exercise national authority. Economic participation is welcomed; political influence is sometimes treated with suspicion. The problem is not simply prejudice against a religion. It is an unequal understanding of who is entitled to possess power.

मोदी के खिलाफ बोले इटली के नेता, भड़क गई मेलोनी की पार्टी!

वोट चोर गद्दी छोर वोट चोर गद्दी छोर ये नारा आपने कई बार सुना होगा विपक्षी पार्टियां खासतौर पर कांग्रेस इस नारे के जरिए प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी पर चुनाव में गड़बड़ी के आरोप लगाती रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी कई मौ. कों पर इस नारे का इस्तेमाल करते रहे हैं। एक शख्स ने राहुल गांधी के सामने खड़े होकर ना सिर्फ यही नारा लगाया बल्कि इसका अंग्रेजी में अनुवाद करते हुए कहा वोट थीफ लीव योर सीट। दरअसल यह कोई आम शख्स नहीं बल्कि इटली के एक बड़े राजनीतिक चेहरे जियाकोमो फिलबेक हैं जो यूरोपियन सोशलिस्ट यानी पीएस के महासचिव हैं और हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस के भारत समिट 2026 में हिस्सा लेने पहुंचे थे। फिलिबेक ने अपने भाषण में राहुल गांधी की तारीफ की। भारत में लोकतंत्र पर खतरा होने का दावा किया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से राहुल गांधी और कांग्रेस के समर्थन में खड़े होने की अपील भी कर दी। वहां सामने बैठे राहुल गांधी इस दौरान मुस्कुराते हुए और तालियां बजाते हुए भी नजर आए। लेकिन सवाल यह है कि भारत के एक रा. जनीतिक नारे को विदेशी नेता ने भारतीय मंच से क्यों दोहराया?अब इस बयान पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सहयोगी पार्टी ने ही आपत्ति जता दी है। मेलोनी की पार्टी की एक नेता डेबोरा बर्गमिनी ने साफ कहा है कि यूरोप के लोगों को भारत को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। करोड़ों मतदाताओं वाले देश की अपनी लो. कतांत्रिक संस्थाएं हैं और न्यायपा. लिका है। यानी भारत में शुरू हुआ वोट चोर गद्दी छोड़ का विवाद अब इटली की राजनीति तक पहुंच चुका है और इस पूरे मामले में बीजेपी ने विदेशी नेता के खिलाफ शिकायत भी दर्ज की। आज मित्र देश में हम इसी विषय पर बात करेंगे। जियोकोमो फि. लिबेक ने क्या कहा वह बताएंगे। उनके खिलाफ मेलोनी की सहयोगी पार्टी ने आपत्ति जता दी वो भी



बताएंगे और बीजेपी ने क्या कुछ कहा वो भी इस वीडियो में हम आपको बताएंगे। नमस्ते जय हिंद मैं हूं ऋषि सिंह और आप देख रहे हैं मित्र देश। दरअसल कांग्रेस की ओर से हैदराबाद में भारत समिट 2026 का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में कई देशों के राजनीतिक प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय संगठन से जुड़े नेताओं को बुलाया गया था। इन्हीं में एक नाम था जियोकोमो फि. लिपेक का। फिलिपेक यूरोपियन सा. `शलिस्ट यानी पीएस के महासचिव हैं। यह यूरोप की केंद्र वामपंथी रा. जनीतिक पार्टियों का एक बड़ा संगठन है। अब समिट के दौरान फि. लिबेक ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने एक व्यक्ति एक वोट के सिद्धांत की रक्षा की है। फिलबेक का पूरा भाषण भारत में मतदाता सूची की पारदर्शिता और चुनावी प्रक्रिया को लेकर कांग्रेस की ओर से उठाए जा रहे सवालों के इर्द–गिर्द था। उन्होंने चुनावी सूची में कथित गड़बड़ी और लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर विपक्ष की चिंताओं का समर्थन किया। उन्होंने एसआईआर के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन का भी जिक्र किया। इसके बाद फिलबेक ने ऐसा बयान दिया जिसने पूरे कार्यक्रम को राजनीतिक विवाद में बदल दिया। उन्होंने कहा कि भारत में लो. कतंत्र पर हमला हो रहा है और इसकी रक्षा करने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस के साथ खड़ा होना जरूरी है। अपने भाषण के अंत में उन्होंने राहुल गांधी के राजनीतिक नारे वोट चोर गद्दी छोड़ को दोहराया। इतना ही नहीं उन्होंने इसका अंग्रेजी अनुवाद करते हुए कहा कि वोट थीफ लीव योर सीट।

नई एसआईटी जांच की मांग

कांग्रेस ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए सा. `मवार को सवाल किया कि क्या जांच के नाम पर देश की जनता और उच्चतम न्यायालय, दोनों को गुमराह किया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने साथ ही कहा कि इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ''चुप्पी'' देश को खल रही है। उन्होंने मामले की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एक नयी और स्वतंत्र विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित किए जाने की मांग दोहराई। रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि मामले में दो एसआईटी का गठन किया गया और दोनों की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा, स्पष्ट है कि दो एसआईटी बनाई गईं– एक लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए और दूसरी न्यायालय को दिखाने के लिए। रमेश ने सवाल किया कि जब सरकार की ओर से 20 जुलाई को उच्चतम न्यायालय में कहा गया था कि पहली टीम जांच नहीं कर रही थी, तो मुख्यमंत्री ने चार अगस्त को उत्तर प्रदेश विधानसभा में उसी टीम की शुरुआती जांच का हवाला किस आधार पर दिया था। उन्होंने पूछा, क्या सदन को गलत जानकारी दी गई या उच्चतम न्यायालय को गुम. राह किया गया? कांग्रेस महासचिव ने छह जुलाई को श्रीराम मंदिर ट्रस्ट द्वारा चंपत राय को कथित तौर पर क्लीन चिट दिए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि यदि पहली एसआईटी ने कोई जांच नहीं की थी, तो ट्रस्ट ने किस अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर यह फैसला किया।रमेश ने पहली और दूसरी एसआईटी में पुलिस महानिरीक्षक किरण एस. की भूमिका को लेकर भी स्पष्टीकरण मांगा। उन्हा. `ने कहा कि किरण एस. पहली टीम में भी शामिल थे और उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद गठित एसआईटी के प्रमुख भी बने तो ऐसे में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि पहली टीम की क्या भूमिका थी।

रविशंकर दुबे के आवास पर सुंदरकांड संपन्न



मुंबई । कंट्री एंड पॉलिटिक्स, मुंबई से सटे बदलापुर में दीपावली के अवसर पर अटल जनशक्ति संगठन युवा प्रकोष्ठ के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रविशंकर दुबे के आवास पर सुंदरकांड पाठ एवं भजन का आयोजन हुआ। जिसमे कई श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया जिसमें प्रमुख रूप से बदला. पुर ईस्ट शिरगांव के नगरसेवक अरुण सुरवल,वरिष्ठ समा. जसेवी देवानन्द शर्मा,मिशन मोदी पी एम अगेन के मुंबई प्रदेश सचिव मनोज दुबे,सेंट्रल रेलवे के अधिकारी संजय पांडेय,प्रोफेक्स फार्मा के मालिक पंकज शुक्ला,वरिष्ठ समा. जसेवी रामप्रकाश सिंह,उद्योगपति ओमप्रकाश सिंह ,रिटायर्ड रेलवे अधिकारी विलास सावंत,उद्योगपति संतोष पवार,रियल स्टेट के कारोबारी देवीप्रसाद तिवारी,लोक गायक अखिलेश दुबे,बृजेश पांडेय,संजय सिंह,रामप्यारे राय,अजय सिंह,राहुल गुप्ता,जितेंद्र राय ,जितेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

(समाचार प्राप्त रू संतोष पाठक, मुंबई ब्यूरो चीफ)

अमेरिका की बदलती विदेश नीति से कैसे बचे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से डीजल खरीदने का फैसला कर लिंडसे ग्राहम को मानो श्रद्धांजलि दे दी है! यह कटाक्ष इसलिए है, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीदे तो उस पर सौ फीसदी टैरिफ लगा दिया जाता है, लेकिन अमेरिका वही काम करे तो उसे शानदार फैसला बताया जाता है। यही नहीं, नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला, तो ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर ही प्रतिबंध लगा दिए। आखिर यह कैसी नीति है? दूसरों को नियमों का पाठ पढ़ाने वाले ट्रंप जब अपने देश के हितों की बात आती है, तो उन्हीं नियमों को भूल जाते हैं। भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव बनाने वाले ट्रंप अब खुद रूस से डीजल खरीद रहे हैं, इस फैसले ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है इसलिए सवाल उठ रहा है कि रूस से तेल खरीदना गलत है, या गलत सिर्फ तब है जब भारत खरीदे? यही है ट्रंप की नीति का दोहरापन और खोखलापन!अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से डीजल खरीदने का फैसला कर लिंडसे ग्राहम को मानो श्रद्धांजलि दे दी है! यह कटाक्ष इसलिए है, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीदे तो उस पर सौ फीसदी टैरिफ लगा दिया जाता है, लेकिन अमेरिका वही काम करे तो उसे शानदार फैसला बताया जाता है। यही नहीं, नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला, तो ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय पर ही प्रतिबंध लगा दिए। आखिर यह कैसी नीति है? दूसरों को नियमों का पाठ पढ़ाने वाले ट्रंप जब अपने देश के हितों की बात आती है, तो उन्हीं नियमों को भूल जाते हैं। भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव बनाने वाले ट्रंप अब खुद रूस से डीजल खरीद रहे हैं, इस फैसले ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है इसलिए सवाल उठ रहा है कि रूस से तेल खरीदना गलत है, या गलत सिर्फ तब है जब भारत खरीदे? यही है ट्रंप की नीति का दोहरापन और खोखलापन!देखा जाये तो रूसी ऊर्जा खरीद को लेकर भारत पर दबाव बनाने वाले ट्रंप का ताजा फैसला उनकी कथनी और करनी के बीच की खाई को उजागर करता है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने रूस से तत्काल तीन लाख टन से अधिक डीजल की आपूर्ति के साथ नवंबर में पांच लाख टन, उसके बाद दस लाख टन और फिर कुछ ही समय में तीस लाख टन अतिरिक्त डीजल की आपूर्ति की घोषणा की है। अमेरिकी प्रशासन ने रूसी डीजल की आपूर्ति को सुगम बनाने के लिए अस्थायी सामान्य अनुमति भी जारी की है, जिसके अंतर्गत निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले कुछ माल पर अप्रैल 2027 तक प्रतिबंधों में छूट का प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि यह वही प्रशासन है जिसने रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिबंधों को सख्त करने की नीति अपनाई थी। लेकिन जब अमेरिका में ईंधन की कीमतें बढ़ीं और किसानों, ट्रक चालकों तथा कारोबारियों पर दबाव बढ़ा, तो रूस से ऊर्जा खरीद अचानक स्वीकार्य हो गई। दरअसल अमेरिका में नवंबर की शुरुआत में मध्यावधि चुनाव होने हैं और ट्रंप की नीतियों के चलते वहां महंगाई अप्रत्याशित रूप से बढ़ गयी है जिसके चलते जनता नाराज है। रिपोर्टों के मुताबिक, सितंबर में अमेरिकी डीजल की कीमत 6.52 डॉलर प्रति गैलन के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गयी थी और शुक्रवार को लगभग 6.28 डॉलर प्रति गैलन रही। तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले महंगाई का सवाल ट्रंप के लिए बड़ा सिरदर्द बन चुका है। सर्वेक्षणों के मुताबिक, 78 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों ने बढ़ती जीवन–यापन लागत के लिए ट्रंप की नीतियों को जिम्मेदार माना है। इसलिए जब अमेरिकी मतदाताओं की जेब का सवाल आया, तो रूस से डीजल खरी. दना ट्रंप के लिए राष्ट्रीय हित बन गया। लेकिन भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों और आर्थिक हितों के अनुसार रूसी तेल खरीदे, तो उसे टैरिफ का सामना करना पड़ता है। इसलिए सवाल उठता है कि यह कैसी निष्पक्षता है? यह कैसी नियम–आधारित व्यवस्था है, जिसमें नियम दूसरों के लिए हैं और छूट अपने लिए? दूसरी ओर, ट्रंप के इस फैसले ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की नाराजगी भी बढ़ा दी है। उन्होंने इसे अनुचित और बेईमानी भरा कदम बताते हुए कहा कि इससे पुतिन को जन्मदिन का उपहार मिलने जैसा संदेश जाता है। जेलेंस्की की आपत्ति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यह घोषणा ऐसे समय हुई, जब ट्रंप के प्रतिनिधि यूक्रेनी और यूरोपीय अधिकारियों के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रस्तावों पर बातचीत कर रहे थे। जेलेंस्की ने यह भी संकेत दिया कि यदि ऊर्जा प्रतिबंधों में ढील दोनों देशों की ओर से सर्दियों में ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने जैसे पारस्परिक समझौते का हिस्सा होती, तो उसका समर्थन किया जा सकता था। लेकिन बिना ऐसी शर्तों के रियायत देना रूस की युद्ध क्षमता को आर्थिक सहारा देने जैसा दिखाई देता है।

Man arrested for Car rent scam in Bengaluru by Hulimavu Police and recovered 12 Hi-End cars worth Rs.1.2 Crore

Yogesh K Porwar

The Hulimavu police have arrested a man for allegedly cheating several people by hiring their cars on rent under the pretext of using them to transport elderly residents of an old-age home to hospitals and other places. The accused allegedly mortgaged the rented vehicles to third parties and collected lakhs of rupees.Senior officer told reporters that Hulimavu Police have seized 12 cars belonging to different companies, collectively valued at Rs.1.20 crore,in connection with the case.He further said the complainant,a resident of Vijay Bank Layout within the Hulimavu police station limits,lodged a complaint at Kanakapura Main Road Police Station on September 17, 2026,alleging that a man approached him claiming to run an old-age home.The accused said he required cars to transport elderly residents to hospitals and other locations.Trusting his claims,the complainant and several others gave their cars to him on rent. However,the accused allegedly pledged the vehicles with other individuals and obtained substantial sums of money, thereby cheating the vehicle owners.Following an investigation,Hulimavu police gathered information from various sources and arrested the accused from his residence in BDA Layout,8th Phase,JP Nagar,on October 2,2026.He was produced before a court on October 3 and taken into eight days of police custody for interrogation.During the investigation,police discovered that the accused had pledged the vehicles at different locations in Kanakapura,Mandya and Bengaluru between October 3 and 8. With the assistance of those who had taken the vehicles as pledges,police recovered and seized all 12 cars and brought them to the police station.The total value of the seized vehicles is estimated at Rs.1.20 crore.The accused was produced before the court again on October 8,following which he was remanded to judicial custody.



Seven-member family murder:Accused Indushekhar shows no remorse;daughter also allegedly assisted him

Bureau Chief

